卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 43 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦19 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के लिए बनायें कार्ययोजना: धामी

### उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने दिये दिशा निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आध्यात्मिक पर्यटन को नए आयाम देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को शासकीय आवास पर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के दोनों मंडलों में स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के लिए व्यापक और कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सीएम धामी ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए तीर्थस्थलों के समग्र विकास को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उत्तराखंड देवभूमि है, यहां की आध्यात्मिक धरोहर ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन राज्य की सांस्कृतिक पहचान (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में सिडकुल कर्मी की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार की रात्रि हल्द्वानी मार्ग पर अटरिया मोड़ के पास पीछे से ट्रक की टक्कर से आगे जाती कार से टकराकर सिडकुल कर्मी साईकिल सवार श्रमिक की मौत हो गई।



सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और ट्रक अपने कब्जे में लेकर चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सन्दोली बाबूराय जिला रामपुर निवासी 42 वर्षीय हरीश पुत्र रामबिहारी यहां अशोक लीलेंड कम्पनी में कार्य करता था। बताया जाता है कि मंगलवार की रात्रि हरीश साईकिल पर सवार होकर कम्पनी से घर वापस लौट रहा था। जब वह अटरिया मोड़ के पास पहुंचा तो पीछे की ओर से तेज गति से आते ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे हरीश छिटककर सामने जाती कार से जा टकराया और लहूलुहान(शेष पृष्ठ 7 पर)

## नहर कवरिंग में बाधक बने पक्के निर्माणों पर गरजा बुलडोजर

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में लेफ्ट पहा नहर कवरिंग प्रोजेक्ट को गति देने के लिए प्रशासन ने बुधवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नहर मार्ग पर आड़े आ रहे पक्के निर्माणों को हटाने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की। सुबह से ही एसडीएम गौरव पांडे के नेतृत्व में टीम नहर किनारे पहुंची और चिन्हित अतिक्रमणों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की। अभियान के दौरान कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा होती रही, लेकिन मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी तरह की बाधा नहीं आई। प्रशासन ने बताया कि कुल 87 अतिक्रमणों को (शेष पृष्ठ सात पर)





## गोदाम में मिला नशीली दवाइयों का जखीरा,एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस व एस ओ जी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर स्कूटी सवार नशा कारोबारी को दबोच कर उसकी निशानदेही पर एक गोदाम से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन व दवाइयां बरामद की है। पकड़े गए कारोबारी का पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक रोजाना की भांति पुलिस व एसओजी टीम टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान चौकी के टेलीफोन एक्सचेंज के सामने से बाग की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक स्कूटी सवार शख्स को घेराबंदी कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। गिरफ्तार शख्स ने अपना नाम गांव शक्ति खेड़ा थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी दीपक ठाकुर पुत्र कृष्ण पाल सिंह बताया। उसके पास से पुलिस टीम को एक गत्ते की पेटी में सीरप बरामद हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मोहल्ला कवि नगर निवासी रिपुल चौहान और वह मिलकर उपरोक्त मोहल्ले में किराए पर एक गोदाम ले रखा है। इस गोदाम के अंदर उन्होंने प्रतिबंधित दवाइयां का जखीरा जमा कर रखा है। पकड़े गए शख्स ने पुलिस को बताया कि जहां से नशीले दवाइयां की डिमांड (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्रा की पिटाई प्रकरण को लेकर चौकी पहुंचे विधायक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने आज रम्परा चौकी पहुंचकर एसआई प्रियांशु जोशी से रम्पुरा निवासी कक्षा 4 की छात्रा के साथ शिक्षिका द्वारा स्कूल में की गई मारपीट एवं रोकने के मामले में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस से इस मामले में  अब तक आरोपी टीचर के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में भी जाना।



उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपना रवैया बदलना होगा, पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। विधायक शिव अरोरा ने पीड़ित परिवार को दिया भरोसा दिया कि आरोपी टीचर और प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई कराई जायेगी। इस तरह की हठधर्मिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री अरोरा ने कहा कि बच्चों को इस तरह नहीं पीटना चाहिए। हां बच्चे होम वर्क या पढ़ाई में कमजोर है तो उनको डांटना चाहिए। परंतु इस तरह नहीं पीटना चाहिए। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। विधायक ने डीईओ हरेंद्र को ऐसे स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। उनका कहना था कि उस स्कूल में नाबालिग टीचर भी पढ़ा रही है। (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

**रूद्रपुर में न्यूज चैनल के लिए एक वीडियो एडिटर की अवश्यकता है।**

**-: शीघ्र सम्पर्क करें:-**

**मो. 9897427586**

## घर में फांसी पर लटका मिला महिला का शव

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। चौकी रम्पुरा क्षेत्र के मौहल्ला खेड़ा में एक महिला घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकी पाई गई। किसी काम से घर में आये परिजनों ने यह दृश्य देखा तो उनके होश उड़ गए। महिला को आनन फांसी से उतार कर उपचार के लिएं निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव घर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक खेड़ा वार्ड 19 निवासी राजपाल का विवाह करीब 9 साल पहले गांव बिलखंडा थाना बंड़ा, शाहजहांपुर यूपी निवासी 27 वर्षीय पूनम पुत्री छबनाथ से हुआ था। विवाह के बाद उनके दो पुत्र सात वर्षीय अंशुल और डेढ़ वर्षीय गौरव हुए। राजपाल और उसका छोटा भाई गोविंदा की खेड़ा में ही घर पर चिकन शाप की दुकान है। मंगलवार शाम को गोविंदा दुकान पर था। जबकि अंशुल ट्यूशन गया हुआ था और राजपाल कमरे में पड़ा हुआ था। इसी बीच अज्ञात कारणों के चलते पूनम ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। कुछ देर बाद जब पड़ोसी देवर वहां आया तो पूनम को फांसी पर लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर परिवार के अन्य लोग पहुंचे।  फंदे से उतारकर पूनम को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन उसे लेकर घर पहुंच गए। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की (शेष पृष्ठ 7 पर)



## बकाया वेतन मांगने पर श्रमिक पर लाठी डंडों से किया हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप निवासी मजदूर शरद वीर पर उसके बकाया वेतन की मांग करना भारी पड़ गया। सिडकुल स्थित रामा प्लाई फैक्ट्री में दो वर्ष से कार्यरत शरद वीर ने मंगलवार को ठेकेदार मुकेश के लोगों से तीन माह की लंबित मजदूरी का हिसाब मांगा तो उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना के समय उसकी पत्नी भी मौजूद थी। पति को बचाने की कोशिश में उसे भी धक्का-मुक्की का शिकार होना पड़ा। हमले में गंभीर रूप से घायल शरद वीर को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके सिर पर 12 टांके लगाए। मिली जानकारी के अनुसार वह (शेष पृष्ठ सात पर)



**रस्म पगड़ी**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय अपर्णा का आकस्मिक निधन 10 नवंबर 2025 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु रस्म पगड़ी दिनांक 21 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 2 बजे से 3 बजे तक, पाँच मंदिर, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी । कृपया उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना में सहभागी बनें।

-: शोकाकुल परिवार :-

प्रताप सुखीजा-श्रीमती प्रनीलम सुखीजा (माता-पिता)
कपिल-पूनम सुखीजा (भाई-भाभी)
केशव-गीतांजली सुखीजा (भाई-भाभी),नवल सुखीजा (भाई)
क्षितिज सुखीजा (भाई) एवम समस्त सुखीजा परिवार

# नशे को मजबूती से 'ना' कहें युवा, साथियों को भी 'ना' कहने के लिए करें प्रेरित

## एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोस ने तीन वर्ष में छह हजार से अधिक आरोपियों को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से अपील की है कि वो स्वयं भी नशे को पूरी मजबूती के साथ ना कहें, साथ ही अपने साथियों को भी नशे के लिए "ना'' कहने के लिए प्रेरित करें। मुकाबला करने में सक्षम हो रहा है। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि समाज को भीतर से खोखला करने वाली एक भयावह चुनौती है। ये घातक प्रवृत्ति व्यक्ति की चेतना, विवेक और निर्णय लेने की क्षमता को नष्ट कर उसके पूरे भविष्य को विनाश की ओर ले जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नशे अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत कर पूरे देश से इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया और इसे एक व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से राज्य सरकार भी नशे के विरुद्ध इस महाअभियान के अंतर्गत कि सरकार नशे की प्रवृत्ति को रोकने, नशा ग्रस्त व्यक्तियों को पुन: मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके पुनर्वास के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में नशा मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बना रही है। वर्तमान में, प्रदेश में चार इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट्स सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जो नशा पीड़ित व्यक्तियों को उपचार, सम्मिलित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की गौरवशाली पहचान "ऐपण कला" को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, आज नशा-विरोधी संदेशों से सुसज्जित 'ऐपण' पेंटिंग्स हमारे शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों की शोभा बढ़ा रही हैं। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रखने और परन्तु ये संकल्प तभी सिद्ध हो सकता है, जब हमारी युवा पीढ़ी अपनी पूरी ऊर्जा, क्षमता और दृढ़ संकल्प के साथ हमारा सहयोग करे और नशे जैसी बुराइयों से स्वयं भी दूर रहे तथा दूसरों को भी दूर रखने का संकल्प ले। मुख्यमंत्री धामी ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई, साथ ही स्कूल कॉलेजों







मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने की बधाई देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कर्मवीरों के सहयोग से आज समाज नशे की भयावह समस्या से का प्रसार वैश्विक स्तर पर एक 'साइलेंट वॉर' की तरह हो रहा है, जिसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी ही नए भारत की ऊर्जा, नवाचार, सामर्थ्य और प्रगति का वास्तविक आधार है। यदि यही ऊर्जा किसी नकारात्मक प्रभाव में फँस जाएगी, तो राष्ट्र के विकास की गति भी अवरुद्ध हो जाएगी। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में स्वतंत्रता दिवस के "ड्रग्स फ्री उत्तराखंड" के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड पर कार्य कर रही है।मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए वर्ष 2022 में त्रिस्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया। फोर्स ने बीते तीन वर्ष में 6 हजार से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए, 200 करोड़ रुपए से अधिक के नारकोटिक पदार्थ भी बरामद किए हैं। उन्होंने कहा परामर्श और पुनर्वास की बेहतर सुविधाएँ प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ।प्प्डै ऋषिकेश की सहायता से राज्य में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी का संचालन भी किया जा रहा है। इसी तरह राज्य के प्रत्येक जनपद के शिक्षण संस्थानों में एंटी-ड्रग कमेटियों का गठन किया गया है, जिनमें जागरूक विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा प्रधानाचार्यों को सदस्य के रूप में उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए राज्य में 'दगड़िया क्लब' भी बनाए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी नशे को पूरी मजबूती के साथ ना कहें और अपने साथियों को भी नशे के लिए "ना'' कहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। में राज्य स्तर पर आयोजित भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, विधायक श्रीमती सविता कपूर, उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री संजय नेगी, सचिव समाज कल्याण डॉ श्रीधर बाबू अद्यांकी, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ वी मुरुगेशन, निदेशक समाज कल्याण डॉ संदीप तिवारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि राज्य में दुर्घटना प्रभावित लोगों को आयुष्मान योजना के अलावा अन्य अस्पतालों में भी कैशलेस उपचार के लिए परिवहन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाया जाए। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उन्होंने और प्रभावी प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चैकिंग की जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन ओवरलोडिंग न हो। यातायात के नियमों के पालन के लिए लोगों को नियमित रूप से जागरूक किया जाए। यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा बस अड्डों पर नियमित स्वच्छता और सुरक्षा से संबंधित अभियान चलाये जांय। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अतिवृष्टि से प्रभावित को ऑटोमेटेड मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। दुर्घटनाओं से बचाव और त्वरित सहायता के लिए जनमानस को प्रशिक्षित करने



ऐसे क्षेत्रों जहां भीड़-भाड़ और अधिक आवागमन होता है, वहां सड़कों के मरम्मत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाए। रोड सेफ्टी के लिए जनपदों में जो अच्छी पहल हुई है, उनको बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में लिया जाए। मुख्यमंत्री ने एआई और तकनीक आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर ध्यान दिए जाने के साथ ही सभी जनपदों में ट्रैफिक सिस्टम के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग प्रोग्राम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय मार्गों पर क्रैश बैरियर की स्थापना और अनुरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। गाड़ियों के रूकने की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाए, जहां आस-पास में लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए परिवहन एवं पर्यटन विभाग आपस समन्वय बनाकर योजना बनाएं। शीतकालीन यात्रा और आगामी चारधाम व नंदा राजजात यात्रा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुदृध्ढ़ बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। सुरक्षा की दृष्टि से बस अड्डों पर नियमित सतर्कता बरती जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा की दृष्टिगत परिवहन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग हर माह बैठक करें। पर्वतीय क्षेत्रों में वन विभाग और संबंधित जिला प्रशासन द्वारा सड़क किनारे पौधारोपण का कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री बृजेश कुमार संत, श्री वी षणमुगम, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी.मुरूगेशन, आईजी श्री राजीव स्वरूप, आयुक्त परिवहन श्रीमती रीना जोशी, अपर सचिव श्री विनीत कुमार, श्री रोहित मीणा और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने डीरेगुलेशन की प्रक्रिया में लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ डीरेगुलेशन (विनियमन मुक्ति) के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने प्राथमिक क्षेत्रों में डीरेगुलेशन से संबंधित आवश्यक कदम उठाएं।उन्होंने निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर डीरेगुलेशन की कार्रवाई पूर्ण हो सकती है उसका नोटिफिकेशन जारी करें तथा जिन प्रकरणों को कैबिनेट स्तर से संशोधित किया जाना है उसका विवरण तैयार करें। साथ ही



भारत सरकार को प्रेषित किए जाने वाले विवरण को भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।मुख्य सचिव ने डीरेगुलेशन की प्रक्रिया में लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि राज्य में व्यवसाय और उद्योगों को और अधिक बढ़ावा मिल सके।विदित है कि डीरेगुलेशन प्रक्रिया के अंतर्गत सरकारी नियमों और नियंत्रण को मिनिमाइज किया जाता है। इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव विनीत कुमार, सौरभ गहरवार, अपूर्वा पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएम

## सीएम धामी ने आईएसबीटी देहरादून में किया औचक निरीक्षण, गंदगी देखकर खुद उठाई झाड़ू

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अचानक सचिवालय से सीधे आईएसबीटी देहरादून पहुंचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के अचानक पहुँचने से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने परिसर में स्वच्छता, यात्रियों की सुविधा, संचालन व्यवस्था और परिवहन प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कई स्थानों पर फैली गंदगी को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई भी की और अधिकारियों को संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और एमडीडीए के अधिकारियों





को स्पष्ट निर्देश दिए कि आईएसबीटी परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। हर स्थान पर स्वच्छता संबंधी सूचना-पट लगाए जाएँ, यात्रियों को प्रदूषण, कचरा और धूल से मुक्त वातावरण मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने उपाध्यक्ष एमडीडीए श्री बंशीधर तिवारी को विशेष रूप से निर्देश दिए कि आईएसबीटी में स्वच्छता और व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने बसों की संचालन व्यवस्था, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पेयजल सुविधाओं, शौचालयों, दुकानों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थ राज्य है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। इसलिए बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और परिवहन केंद्रों पर उच्च स्तरीय स्वच्छता और सुविधा व्यवस्था प्रदेश की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने आईएसबीटी में मौजूद यात्रियों से भी मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने यात्रियों से पूछा कि यात्रा के दौरान उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यहाँ की व्यवस्था में और क्या सुधार किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों के सुझाव ही हमारी व्यवस्था सुधारने का बड़ा आधार होते हैं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही पूरे प्रदेश में जनसहभागिता आधारित एक व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगली बार निरीक्षण के दौरान आईएसबीटी की सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह दुरुस्त दिखनी चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग और एमडीडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया नमन





रुद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर आज कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने गांधी पार्क स्थित स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उन्हें माल्यार्पण श्रद्धाजलि अर्पित की। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई की। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को देशवासी आयरन लेडी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि वह एक निडर महिला थीं और देश हित में कोई भी फैसला लेने में घबराती नहीं थी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवम्बर वर्ष 1917 को पं. जवाहरलाल नेहरू व कमला नेहरू परिवार में हुआ था। उनका गांधी उपनाम फिरोज गांधी से 26 मार्च 1942 को विवाह के पश्चात मिला। वर्ष 1959 से 1960 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। उन्होंने बताया कि बचपन में स्व. इंदिरा गांधी ने बाल चरखा संघ की स्थापना की थी। 1947 में इनके मार्ग दर्शन में दिल्ली के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में कार्य किया गया। 1978 में उन्होंने फिर से अध्यक्ष बनाया गया। ममता रानी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री सहित कई मंत्रालयों का भी दायित्व सम्भाला था। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी 1966 से1977 तक और फिर 1980 में देश की प्रधान मंत्री बनीं। पाकिस्तान से अलग कर बांग्ला देश बनाने में इंदिरा गांधी का प्रमुख योगदान था। आज सभी देशवासी देश के विकास में दिये उनके योगदान का स्मरण कर रहे हैं। इस दौरान उमा सरकार, बबलू सागर, चमन सागर, संजीव राठौर, अनुज, धर्मपाल, बेबी सिकदार, सपना गिल, प्रीति साना, मानस बैरागी, रविन्द्र राठौर, मोहन भारद्वाज, नरेश सागर, चिराग कालड़ा, रामस्वरूप भारती, डा. अजय सिंह, देवेन्द्र कुमार, कपिल सागर, प्रमोद कुमार, अजय कुमार, बाबू खान राधेश्याम, शम्भू मौर्य, राकेश कोली, मनीष बाबरा, संजीव रस्तोगी, फैंजल आदि मौजूद रहे। वही कांग्रेस के मोहनखेड़ा, संजय जुनेजा, परिमल राय, मोनिका ढाली, सोफिया नाज, तरुण नेगी, रामकिशन सैनी,नवीन खेतवाल, विजय पुजारा,जगदीश कर्मकार,साजिद खान, अमित अरोड़ा, राजेश कुमार,मोहन कुमार,सुनील जडवानी, फरमान सिद्दीकी, दिलशाद आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**किच्छा।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती का आयोजन विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास-विकास स्थित कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर विधायक बेहड़ ने अपने साथियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इंदिरा गांधी को याद करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी देश की प्रथम एवं एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही हैं। उनकी अद्वितीय राजनीतिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता के कारण उनका नाम विश्व राजनीति के इतिहास में अमिट रूप से दर्ज है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के निर्माण और सुदृढ़ीकरण में इंदिरा गांधी का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा लेती रहेंगी। विधायक बेहड़ ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है, और हम सबको उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र सेवा की दिशा में उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लिया। कार्यक्रम में नगर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, ओम प्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, लियाकत अंसारी, दलीप बिष्ट, छोटू कोली, अशोक मित्रा, सैदुल रहमान, फिरासत खान, हरभजन सिंह, राम बाबू, शानू मालिक, जुनैद आदि लोग उपस्थित रहे।

## ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल का किया जोरदार स्वागत



किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर नेत्रपाल मौर्य का वार्ड 16 में आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष मूलचंद राठौर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जनकल्याणकारी नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझ पर सौंपी है, उसके अनुरूप मैं ओबीसी मोर्चा को बूथ स्तर तक और मजबूत करने के लिए समर्पित रहूंगा। बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय इस बात का प्रमाण है कि जनता केंद्र और राज्यों में भाजपा नेतृत्व की नीतियों और विकास मॉडल पर भरोसा करती है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि नेत्रपाल मौर्य के प्रदेश अध्यक्ष बनने से ओबीसी मोर्चा को नई दिशा और नई ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री धामी जी की पारदर्शी एवं जनहितकारी नीतियों तथा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में लगातार हो रहे विकास कार्यों के कारण समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक संदेश गया है। बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनता विकास और सुशासन के साथ है।कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान सभासद सतीश गुप्ता, संदीप अरोड़ा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा, चंदन जायसवाल, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राजेश कोली, ईश्वर दानू, विजय अरोड़ा, विशाल शर्मा, अमित सिंह, कमलेश राठौर, दिलीप जीना, नरेंद्र राठौड़, चेतन गंगवार, राजकुमार, अजय राठौर, हारुण मलिक, आरती दुबे, कविता मान, करुणा तिवारी, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र बागवानी, पूरन भट, चूड़ामणि सागर, सुनीता देवी, शकुंतला देवी, छेदालाल रस्तोगी, अमरनाथ कश्यप, जितेंद्र गुप्ता, उमेद सिंह बिष्ट, नीतिश शर्मा, धर्मपाल गंगवार, मिथुन मंडल समेत सैकड़ो वार्डवासी उपस्थित थे।

## 2027 में फिर लहरायेगा भाजपा का परचमः डा. चंदौला



रूद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता डा. केसी चंदौला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में जिस गति से विकास कार्य हुए हैं, उनकी बदौलत 2027 के विधानसभा चुनावों में एक बार फिर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराना तय है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार ने पिछले वर्षों में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिन्होंने प्रदेश को नई दिशा देने का काम किया है। डा. चंदौला ने कहा कि युवा हितों और रोजगार के क्षेत्र में सरकार की पहल उल्लेखनीय रही है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाकर युवाओं का भरोसा पुनः बहाल किया गया है। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में हुए सुधारों ने आम नागरिकों की जिंदगी को आसान बनाया है। उन्होंने कहा कि एंटी-नकल कानून, यूकेएसएसएससी में सुधार, सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान में उठाए गए कदम तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन ने धामी सरकार की कार्यकुशलता को प्रमाणित किया है। आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता एक बार फिर धामी सरकार के कार्यों को आधार बनाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी।

## बाल यौन शोषण एवं हिंसा पर रोकथाम को दिए टिप्स




बाजपुर(उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विश्व दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गणेशपुर केलाखेड़ा में प्राधिकरण के यू एस नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विश्व दिवस की छात्र-छात्राओं को जागरूकता शिविर के माध्यम से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल यौन शोषण,दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विश्व दिवस प्रतिवर्ष 18 नवंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, इन अपराधों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देना और बाल यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए उपचार और न्याय का समर्थन करना है।यह दिन इस विनाशकारी वास्तविकता को पहचानने के लिए बनाया गया था कि लाखों बच्चे हर साल यौन हिंसा का सामना करते हैं और वैश्विक समुदाय को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों और वयस्कों को शोषण के संकेतो और परिणाम के बारे में शिक्षित करें। बच्चों के साथ सकारात्मक व्यवहार करें और उन्हें सुरक्षित महसूस कराए। बाल शोषण को किसी भी ऐसे कार्य के रूप में परिभाषित किया गया है जो किसी बच्चे के स्वास्थ्य,अस्तित्व या गरिमा को नुकसान पहुंचता है। इस मौके पर दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शनि मंदिर कॉलोनी में सड़क का किया लोकार्पण



खटीमा(उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मंगलवार को मेला घाट रोड स्थित शनि मंदिर कॉलोनी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित 233 मीटर सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 20 लाख रुपये की लागत से मनोज सिंह के मकान से महेंद्र पाल के मकान तक सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया है।करीब 18 वर्षों से उपेक्षित इस कॉलोनी में पहली बार सड़क निर्माण होने पर स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन अवसर पर नगर पालिका की सभासद निशा देवी ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर की सभी समस्याओं के समाधान हेतु वे सदैव प्रयासरत रहेंगी। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल के पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा ने सड़क निर्माण पूर्ण होने पर नगर पालिका अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि सड़क बनने से कॉलोनीवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद प्रतिनिधि विजय कुमार, पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, संजय पिलख्वाल, युवा मोर्चा महामंत्री सूरज धामी, उमेश कुमार, मिथिलेश कुमार, नंदा देवी, सोना कार्की, विमला देवी, राजेंद्र शर्मा, पूजा बिष्ट, आशालता देवी, तारा बिष्ट, इशू ठाकुर, बाबूराम दिवाकर, धर्मवीर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## हल्द्वानी में लगेगा सहकारी मेला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर सहकारिता विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में सहकारी आंदोलन की उपलब्धियों, भूमिका और अवसरों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से सहकारी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद नैनीताल में 25 नवंबर 2025 से 01 दिसंबर 2025 तक एम.बी. कॉलेज मैदान, हल्द्वानी में सात दिवसीय भव्य सहकारी मेला आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सहायक निबंधक, सहकारी समिति नैनीताल डी.एस. नपलचियाल ने बताया कि इस वर्ष का सहकारी मेला "सहकारिता से पर्यटन विकास" थीम पर आधारित रहेगा। इस थीम के अंतर्गत ईको हॉस्पिटेलिटी, ईको टूरिज्म, होमस्टे ऑपरेटर प्रशिक्षण, स्थानीय व्यंजन प्रदर्शनी, फल उत्पादन एवं होमस्टे आधारित सहकारिता से संबंधित गतिविधियाँ प्रमुख रूप से प्रस्तुत की जाएँगी। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य सहकारिता की मूल भावना को स्थानीय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करते हुए उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था में सहकारिता के योगदान को और बेहतर रूप में सामने लाना है। इसके साथ ही विभिन्न सहकारी संस्थाओं, विभागों और स्थानीय समूहों को एक ही मंच पर जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। मेले में विभिन्न विभागों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारी समितियों द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सहकारी गोष्ठियाँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी मेले का मुख्य आकर्षण होंगी।

## शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर हो कड़ी कार्रवाईः सुमित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी में हाल ही में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने एसएसपी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने शहर की शांति-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक व अराजक तत्वों के खिलाफ तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। विधायक सुमित ने कहा कि कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा घटना को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई, साथ ही शहर में तोड़फोड़ कर शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जो अत्यंत निंदनीय है और कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। उन्होंने विशेष रूप से शमा होटल में की गई तोड़फोड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कृत्यों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने ज्ञापन में प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी अराजक तत्वों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए। दोषियों पर संबंधित धाराओं में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और स्थिति पर सख्त निगरानी रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों हल्द्वानी हमेशा से शांति, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है। किसी भी व्यक्ति को इस सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने पुलिस कप्तान का विशेष रूप से धन्यवाद प्रेषित किया कि उन्होंने घटना के समय तत्काल प्रभाव से स्थिति को संभाला, संवेदनशील क्षेत्रों में उचित बल तैनात कर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने का सराहनीय कार्य किया। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन शीघ्र ही दोषियों के विरुद्ध सखघ्त व प्रभावी कार्रवाई करेगा, जिससे शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल पुनः स्थापित हो सके।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर कांग्र गोविंद सिंह, सतनाम सिंह चटवाल, सुहैल अहमद सिद्दीकी,नरेश अग्रवाल, शराफत खान, तस्लीम अंसारी उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें : अजय भट्ट

## सांसद ने केन्द्र सरकार की योजना कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सांसद श्री अजय भट्ट ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की गहनता से समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा की बैठक की मॉनिट्रिंग मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वयं की जाती है इसलिए केन्द्र सरकार की योजना कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयरियों के साथ बैठक में प्रतिभाग करें व आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें ताकि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होने बैठक में परियोजना प्रबन्धक ब्रिडकुल के अनुपस्थित होने पर मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये। सांसद ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो योजना कार्यों में सड़के खोदी गई हैं उन्हे प्राथमिकता से ठीक कराना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होने सभी को पेयजल सयोंजन करने के भी निर्देश दिये। उन्होने गदरपुर विकास खण्ड के बुक्सौरा क्षेत्र में लीकेज पानी की टंकी को ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होने नगर पंचायत कौशल्यापुरी में पेयजल योजना की डीपीआर बनाने के निर्देश पेयजल निगम को दिये। अधीक्षण अभियंता पेयजल ने बताया कि नगर पंचायत कौशल्यापुरी पेयजल योजना की डीपीआर अमृत योजना के अन्तर्गत बनाकर भेजी गयी है, जो स्वीकृत भी हो गई है। उन्होने बताया कि सात अन्य निकाय भी योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है, जिनकी विस्तृत डीपीआर आगामी माह दिसम्बर तक भेज दी जायेगी। सांसद ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) चिकित्सालय की समीक्षा करते हुए विस्तृत जानकारी मांगी, जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी ने बताया कि चिकित्सालय 2 लाख 16 हजार ईएसआईसी कार्ड धारकों के लगभग 8 लााख लोगों को चिकित्सा सुविधाऐं प्रदान करता है। चिकित्सालय में 26 जनरल चिकित्सकों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष 23 चिकित्सक तैनात है जबकि 24 विषेशज्ञ चिकित्सक पदों के सापेक्ष मात्र 3 विषेशज्ञ चिकित्सक तैनात है, इसी तरह 75 नर्सिंग स्टॉफ तैनात है। माननयी सांसद ने चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा के उपकराणों एवं मरीजों के उपचार व सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होने कहा कि जिन मरीजों का उपचार विषेशज्ञ चिकित्सकों के न होने के कारण नही हो पा रहा है उन्हें अन्य चिकित्सालयों में रेफर करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होने चिकित्सालय हेतु चिकित्सकों, अन्य स्टॉफ व उपकरणों की आवश्यकता है उसका प्रस्ताव बना कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि भारत सरकार स्तर पर वार्ता कर मांग की जा सके। सांसद ने रूद्रपुर में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय को संचालित करने के निर्देश दिये जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि केन्द्र विद्यालय के संचालन हेतु 15 कक्ष की आवश्यकता है जिस हेतु समाज कल्याण विभाग के पुराने छात्रावास को चिन्हित किया गया है, उक्त छात्रावास का मरम्मत कार्य जिला विकास प्रधिकारण के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें 2026-27 का शिक्षण सत्र प्रारम्भ किया जायेगा। श्री भट्ट ने रूद्रपुर बाईपास का निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होने एनएचएआई को बाजपुर, आईजीएल के पास व गदरपुर में सर्विस मार्ग को बनाने व चौडीकरण करने के निर्देश दिये। सांसद ने खेल विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि काशीपुर स्टेडियम पुर्ननिर्माण अतिआवश्यक है, इसके लिए शीघ्र डीपीआर तैयार कर शासन को भेजना सुनिश्चित करें, साथ ही उन्होने पेयजल निर्माण निगम (खेल ईकाई खण्ड) का एक कैम्प कार्यालय जनपद में खोलने हेतु खेल सचिव से वार्ता की। उन्होने खेल अधिकारी को बॉक्सिंग, कराटे, ताईक्वाडों किट भी खिलाड़ियों उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने रेलवे अधिकारियों को छत्तरपुर अण्डरपास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिये। सांसद ने ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर, शाक्तिगढ़, काशीपुर आदि क्षेत्रों में पुराने, टेड़े, टूटे विद्युत पोलो को बदले व झूलते विद्युत तारो को दुरूस्त करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने इण्डियन ऑयल अडानी गैस पाईपलाइन की समीक्षा करते हुए गैस संयोजनों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होने शिमला पिस्तौर, छिनकी-पंडेरी सहित जनपद की सभी सड़को को गड्ढामुक्त व मरम्मत कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि गड्ढामुक्त सड़क सरकार की प्राथमिकता है इसलिए सड़क महकमे अधिकारी तत्काल सभी सड़को को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिये इसमें लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी। श्री भट्ट ने लेवड़ा नदी से बाजपुर में जल भराव बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कार्य कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिये। जिस पर अधिशासी अधियंता ने बताया कि लेवड़ा नदी में बाढ़ नियंत्रण कार्यो हेतु प्रथम फेज में 9 करोड़ व द्वितीय फेज में 12 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। श्री भट्ट ने उधमसिंह नगर में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत फोरेन्सिक विश्वविद्यालय भवन की जानकारी लेने पर जिलाधिकारी ने बताया कि फोरेन्सिक विश्वविद्यालय भवन निर्माण किच्छा में भूमि चिन्हित कर ली गई है। समीक्षा दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के आश्रय हेतु गौशालाओं की समीक्षा की जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 गौशाला स्वीकृत हो गयी है व डीपीआर शासन को प्रेषित की गयी है तथा रूद्रपुर नगर निगम द्वारा गौशाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि रूद्रपुर, काशीपुर, खटीमा, सितारगंज शहर के ड्रेनेज प्लान डीपीआर भी शासन को भेजे गये है साथ ही उन्होने बताया प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के अन्तर्गत 10998 के सापेक्ष शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है, शीघ्र ही आवासों का आवंटन किया जायेगा। सांसद ने संजय वन में सौन्दर्यकरण, मनरेगा, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रा.कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, रूद्रपुर सर्किट हाउस, मेडिकल कालेज, किच्छा एम्स, किच्छा बस अड्डा, अमृत योजना, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रा. क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, जनमन योजना आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी अधिकारियों को बैठक में मा. सांसद जी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, मंजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, ज्योति ग्रोवर, अनूप कौर, चेयरमैन नगर पालिका गदरपुर मनोज गुम्बर, दिशा के सदस्य सतीश चुघ, मनोज कुमार, राजेश कुमार, अमित नारंग, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, सीएमओ डॉ0 केके अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी डॉ0 प्रवीण वर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, महाप्रबन्धक निर्मला बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधीक्षण अभियंता विद्युत डीके जोशी, पेयजल मृदुला सिंह, लोनिवि अनिल पांगती, डीडीएमओ उमाशंकर नेगी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





# मुख्यमंत्री ने दिवाकर भट्ट से भेंट कर कुशलक्षेम जानी

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून स्थित इंद्रेश महंत हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तराखण्ड क्रांति दल (यूकेडी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक श्री दिवाकर भट्ट से मुलाकात की। श्री भट्ट इन दिनों स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में उपचाररत हैं।मुख्यमंत्री ने अस्पताल में चिकित्सकों से श्री भट्ट के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके उपचार से संबंधित सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने श्री दिवाकर भट्ट से भेंट कर उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।






# गांधी कॉलोनी में सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संाददाता)। नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर विकास शर्मा ने पार्षद श्रीमती मधु शर्मा के साथ गांधी कॉलोनी वार्ड नंबर 27 में स्थित दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मंदिर परिसर में 16 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर महापौर ने निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र और संतुलित विकास के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि समाज के हर वर्ग को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। महापौर ने कहा कि गांधी कॉलोनी क्षेत्र लंबे समय से सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस कर रहा था, और इस भवन के बनने से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। महापौर ने कहा कि शहर में विकास का कोई भी कार्य आधा-अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता स्पष्ट है। शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचे, लोगों को स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं में सुधार दिखे। धार्मिक स्थलों के विकास से लोगों की आस्था मजबूत होती है, वहीं सामुदायिक भवन जैसे संसाधन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हाल ही में बोर्ड की तीसरी बैठक में कई नई योजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनके पूरा होने से शहर की तस्वीर बदलेगी और रुद्रपुर प्रदेश के आदर्श नगरों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम टीम-वर्क के साथ काम कर रहा है और हर वार्ड को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। महापौर ने स्थानीय नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें, स्वच्छता और जनसहयोग को प्राथमिकता दें, ताकि शहर और तेजी से प्रगति कर सके। समारोह के दौरान वार्डवासियों ने महापौर और वार्ड की पार्षद का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। शिलान्यास के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, भजन गायक डंपी चोपड़ा, प्रीतम यादव, प्रदीप यादव, मदन यादव, पवन यादव, विष्णु सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मातृशक्ति उपस्थित रही।





# धूमधाम से मना गुरू गायत्री नाथ जी का जन्म दिवस

रूद्रपुर। ग्राम सम्पतपुर स्थित प्रेम आश्रम में पीठाधीश्वर गुरू गायत्री नाथ जी महाराज का जन्म दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने गुरू गायत्री नाथ जी से आशीर्वाद लिया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी गुरू गायत्री नाथ जी को उनके जन्म दिन पर शुभकामनाएं देते हुए शॉल ओढ़ाकर और श्री राम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान जन्म दिन के उपक्ष्य में संत समागम और कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रेम आश्रम न्यास के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भुसरी, सोमनाथ छाबड़ा, पुरूषोत्तम छाबड़ा, मनीष छाबड़ा, राकेश हुड़िया, मीनू हुड़िया, वर्षा फुटेला, जगदीश बठला, किशन चावला, सौरभ भुसरी, मनोज छाबड़ा, विनोद ठुकराल, शिवम सुखीजा, सचिन छाबड़ा, शुभम सुखीजा, तीरथ सीकरी, राजकुमार बेहड़, सुभाष मक्कड़, सरला बठला, नेहा खुराना, ज्योति बठला, सुदेश रानी, शशि भुसरी आदि मौजूद रहे।



# नशा मुक्त भारत बनाने को ली सामूहिक शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को एमबी डिग्री कॉलेज में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विविध जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने नशे को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ ग्रहण की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जिला पंचायत दीपा दरमवाल ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक है कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त उत्तराखंड ही नशामुक्त भारत की मजबूत नींव तैयार करेगा। विधायक, लालकुंआ डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, जिससे अनेक परिवार प्रभावित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों



से लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया।उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी शांति महरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त बनाने और समाज को नशामुक्त बनाने हेतु यह राष्ट्रीय अभियान प्रारम्भ किया गया था। उन्होंने विशेष रूप से युवतियों में बढ़ती नशा प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, हमें अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखना है। दायित्वधारी नवीन चन्द्र वर्मा ने कहा कि नशा परिवार एवं समाज दोनों के लिए अभिशाप है, जिसे केवल सामूहिक प्रयासों और व्यापक जागरूकता से ही मिटाया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त हल्द्वानी एवं नशामुक्त उत्तराखंड के निर्माण का आह्वान किया।वरिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक आरती सहदेव ने नशे के दुष्परिणामों तथा कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति से संबंधित संदेश प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किए गए, जिनका उपस्थित जनसमूह ने सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय में क्विज, निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में खालसा इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. अंकिता, द्वितीय स्थान वंश तथा तृतीय स्थान गुनजन ने प्राप्त किया।छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर नशामुक्ति विषय परसारगर्भित विचार एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं।कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याणअधिकारी विश्वनाथ गौतम, कॉलेज प्रबंधन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षकगण तथा स्कूली बच्चोंसहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाजपा ओबीसी अध्यक्ष नेत्रपाल का वेंडिंग जोन में किया स्वागत

रुद्रपुर । भारतीय जनता पार्टी के ओवैसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के रुद्र वेंडिंग जोन में पहुंचने पर लघु व्यापार संगठन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में सभी लघु व्यवसाईयों ने पटका पहना कर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वेंडिंग जोन में अभी अधिकांश दुकानें न खुलने से यहां आने वाले ग्राहकों की संख्या बहुत



कम है। इस संदर्भ में निगम प्रशासन व मेयर से वार्ता की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही यहां लघु व्यापारियों का कारोबार बेहतर होगा।श्री मौर्य ने कहा कि वह लघु व्यापारियों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। स्वागत करने वालों में रुद्र वेंडिंग जोन के अध्यक्ष सुभाष रस्तोगी, नन्हे सागर, राजू आजाद, राकेश राठौर, हरीश प्रजापति, प्रेम रस्तोगी, करण बिष्ट, रमेश बिष्ट, वासुदेव, हिमांशु शर्मा, चंदन बिष्ट, रमेश बिष्ट, सोमपाल कोली आदि शामिल थे।

# खड़े कैंटर से भिड़ी बाईक, चालक की मौत, साथी गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार के ग्राम खेड़ा में सोमवार के देर रात्रि सड़क किनारे खड़े कैंटर से तेज गति से जाती मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाईक चालक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने बाईक चालक युवक को चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।। जानकारी के अनुसार गौलापार में सोमवार देर रात करीब 11 बजे मूल रूप से चम्पावत के पाटी निवासी 32 वर्षीय मनोज सिंह हाल निवासी बागजाला अपने साथी हल्द्वानी निवासी पुष्कर सिंह के साथ बाइक से खेड़ा की ओर किसी काम से जा रहा था। बताया जाता है कि खेड़ा में उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक समेत दोनों युवक एक पेट्रोल पंप के पास सड़क कि खड़े टैंकर से जा टकराए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को बेस अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुष्कर की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे बेस से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। मृतक मनोज हल्द्वानी के मंगलपड़ाव क्षेत्र में एक होटल में कारीगर था। उसका परिवार मूल गांव पाटी में रहता है। हादसे के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वह अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है।

# अटल उत्कृष्ट बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता शिविर

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के मार्गदर्शन में मंगलवार 18 नवंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा अटल उत्कृष्ट बालिका इंटर कॉलेज, पंतनगर में विश्व बाल यौन शोषण रोकथाम एवं उपचार दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीएलएसए उधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने की। सागर ने छात्राओं को बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्वभर में बच्चों के साथ यौन शोषण एक गंभीर सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे रोकने, पीड़ितों को



उपचार एवं पुनर्वास दिलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने में समाज, परिवार और विद्यालय की संयुक्त भूमिका पर बल दिया। शिविर में छात्राओं को गलत व्यवहार की पहचान, स्वयं की सुरक्षा, अनुचित स्पर्श, धमकियां, असली तस्वीर या वीडियो दिखाकर डराने जैसी शोषण की विभिन्न स्थितियों के बारे में अवगत कराया गया। 'गुड टच' और 'बैड टच' की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए बच्चों को अपनी सुरक्षा के तीन प्रमुख नियम बताए गए। कार्यक्रम के दौरान पॉक्सो एक्ट की मुख्य विशेषताओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी प्रकार के यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है तथा इसमें दोषियों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। बच्चों की पहचान हर स्थिति में गोपनीय रखी जाती है। इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 (24गुणा7), निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क और मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। नाल्सा के टोल-फ्री नंबर 15100 के बारे में भी छात्राओं को बताया गया। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोहम्मद मिराज, विद्यालय की प्रधनाचार्य शाहिस्ता जमाल अंसारी, पैनल अधिवक्ता विक्रम सिंह, राकेश सुखीजा, पॉक्सो यूनिट पंतनगर की उपनिरीक्षक नीलम मेहता तथा विद्यालय की अध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

# ठुकराल ने किया कार्यवाहक डीएओ का घेराव

रूद्रपुर। ट्रॉजिट कैम्प और फाजलपुर महरौला क्षेत्र में सरकारी राशन की मात्र एक एक दुकानें होने से लोगों को आ रही दिक्कतों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीएसओ मलकीत सिंह का घेराव किया और ट्रॉजिट कैम्प व फाजलपुर महरौला में राशन की दुकानें बढ़ाने की पुरजोर मांग की। ठुकराल ने कहा कि इन दोनों स्थानों पर आबादी काफी बढ़ चुकी है लेकिन वर्षों से यहां आबादी के हिसाब से सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है, जिसके चलते लोगों को राशन के लिए घंटों लाईन में लगने का मजबूर होना पड़ रहा है। ठुकराल ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर राशन दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई गयी तो जिला पूर्ति



कार्यालय में अनिश्चित कालीन धरना देंगे। ठुकराल ने कहा कि सत्ता पक्ष के कुछ नेता कई बार ट्रॉजिट कैम्प की क्षेत्र में छह राशन की दुकानें खोलने का आश्वासन दे चुके हैं लेकिन आजा तक ये आशसन कोरे साबित हुए है। घेराव करने वालों में संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, अशोक शाह, विजय कुमार, सुमित गुप्ता, राजू प्रजापति, नितिन गंगवार, सूरज पाल, गौरव सिंह, सोनू शर्मा, रोति प्रजापति, संजय सैनी, रिंकू राठौर, विपिन राजपूत, रजनीश गंगवार, नरेश गंगवार, सन्नी जौहरी, गोपाल, सचिन, अनुज, राजवीर सिंह विर्क, संजय ठुकराल, सुखवंत सिंह विर्क, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, गुरमीत सिंह, केरू मण्डल, जसवीर सिंह, शिव कुमार शिब्बू, नरेश कुमार, सुमित निषाद, सुमित गंगवार, आयीष यादव, राहुल दास, राजेश पटेल, आकाश शर्मा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# खराब आटा मामले में आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगलवार को श्रीमती सीमा खंडूजा, निवासी जजी कोर्ट के पास, नैनीताल रोड, हल्द्वानी द्वारा आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत के हल्द्वानी स्थित कैम्प कार्यालय पंहुचकर उनके समक्ष एक शिकायत की गई । जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि उनके द्वारा विगत दिनांक 4 नवंबर 2025 को उनके द्वारा नैनीताल रोड हल्द्वानी में स्थित एस0बी0आई0 के पास संचालित लालता



प्रसाद, बसन्त कुमार की राशन की दुकान से यह जानकर आटा क्रय किया गया कि वहां पर चक्की का पिसा हुआ आटा मिलता है। आटे को क्रय करने पश्चात वह अपने घर ले गई और उक्त आटे से बनी रोटियां उन्होंने स्वयं एवं उनके पति द्वारा भोजन में खाई गई तो उसके पश्चात उन दोनों के पेट में दर्द हुआ। फिर इन्होंने ठीक होने के लिए कुछ दिन मात्र खिचड़ी का ही सेवन किया। ततपश्चात 12 नवंबर 205 को श्रीमती खडूजा ने पुन: उक्त आटे को छाना तो उसमें बहुत सारे घुन और कीड़े निकले। इसके पश्चात श्रीमती खंडूजा द्वारा उपभोक्ता फोरम में भी वाद दायर किया गया। उक्त आटे का सैम्पल श्रीमती खंडूजा द्वारा मंगलवार को कुमाऊँ आयुक्त के समक्ष लाकर उन्हें दिखाया गया। जिस पर आयुक्त कुमाऊँ द्वारा आटे के उक्त सैम्पल को खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर हस्तगत किया गया ताकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सके। इस दौरान राशन की दुकान के स्वामी द्वारा आयुक्त कुमाऊँ को बताया कि उनकी चक्की खराब है अत: वह आंचल का चक्की वाला आटा बेच रहे हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि आस-पास के सी0सी0टी0वी0 फुटेज भी निकाल लें और उक्त राशन की दुकान में जाकर सैम्पल भी लेते हुए तत्काल उन्हें उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# डीएम ने किया मेडिकल कॉलेज छात्रावास एवं सर्किट हाउस का निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पेयजल निर्माण निगम द्वारा निर्मित किए जा रहे महत्वपूर्ण सरकारी निर्माण कार्यों के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रावास एवं सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्य में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह दोनों परियोजनाएँ जनहित व प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परियोजना प्रबंधक,





पेयजल निर्माण निगम को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप, शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य की धीमी गति पर भविष्य में उत्तरदायी अधिकारियों से जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को इन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी आदेश दिया कि बिना मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार का भुगतान आगे नहीं किया जाएगा, ताकि निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थल पर मौजूद अभियंताओं व अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति और बाधाओं की जानकारी भी ली ताकि कार्य मे आने वाली समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि परियोजना में अनावश्यक देरी या गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण समय पर पूरा हो और जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हों। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, परियोजना प्रबन्धक पेयजल निर्माण निगम नरेन्द्र नवानी, सहायक अभियंता पेयजल सुभाष चन्द्र भट्ट, अपर सहायक अभियंता पेयजल रंजीत आर्या आदि मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रसोई गैस समझौता

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के जल्दी ही किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इसके समांतर दोनों देशों में कई अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनती देखी जा रही है। अगर कुछ अहम बिंदुओं पर बातचीत परस्पर हित पर आधारित समझौते तक पहुंचती है, तो इससे व्यापार वार्ता भी एक ठोस स्वरूप में सामने आएगी। इस क्रम में जहां अमेरिका के सख्त रुख में नरमी देखी जा रही है, वहीं भारत भी अपने व्यापक हित के मद्देनजर व्यावहारिक फैसले ले रहा है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच रसोई गैस के मसले पर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसे आने वाले दिनों में अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से आगे बढ़ते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन रसोई गैस खरीदेगा। हालांकि यह भारत की सालाना जरूरत का मात्र दस फीसद है और यह समझौता केवल एक वर्ष के लिए ही है, लेकिन इस सहमति को एक व्यापक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि तेल की कीमतों के मामले में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता की वजह से रसोई गैस के दाम में कैसे उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। अब इस समझौते के अमल में आने के बाद भारत के सामने नए विकल्प खुलेंगे और रसोई गैस की आपूर्ति का जोखिम कम होगा। यह समझौता भारत की तीन सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिकी उत्पादकों के साथ किया है। अब अगर किन्हीं हालात में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में कोई उतार-चढ़ाव आता है, तो वैसी स्थिति में भारत पर इसका असर सीमित होगा। इसके अलावा, अगर अगले वर्ष रसोई गैस और तेल के वैश्विक बाजार में किसी तरह की उथल-पुथल होती है, तो भारत के सामने इस मामले में स्थिति को संभालने के लिए एक वैकल्पिक इंतजाम होगा। कहा जा सकता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और जरूरतों के मद्देनजर एक नई रणनीति के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। इसका असर पिछले कुछ समय से टकराव की स्थिति तक पहुंच चुके भारत-अमेरिका संबंधों में फिर से गर्माहट के रूप में सामने आ सकता है। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में स्थिरता के रूप में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और सार्वजनिक कंपनियों की स्थिति मजबूत होगी। भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते की अवधि भले ही एक वर्ष है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के एक बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद बंधी है। इसके संकेत इस रूप में भी सामने आए हैं कि अमेरिका ने भारत के काफी, चाय, मसाले, फल आदि कुछ उत्पादों पर लगे शुल्क को वापस लेने की घोषणा की है। इससे भारत के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी।

# रीच संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट



देरहादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में रीच संस्था के पदाधिकारियों ने भेंट कर देहरादून में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले विरासत महोत्सव के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि रीच संस्था वर्ष 1995 से निरंतर रूप से विरासत महोत्सव का आयोजन कर रही है और यह प्रतिष्ठित महोत्सव अब अपने 30 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर चुका है। उन्होंने बताया कि विरासत में देश-प्रदेश के साथ ही विदेशों से भी कलाकारों, उद्यमियों और दर्शकों की सक्रिय भागीदारी रहती है। संस्था द्वारा महोत्सव के सफल संचालन, उससे संबंधित व्यवस्थाओं एवं वर्तमान चुनौतियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। राज्यपाल ने कहा कि "विरासत"- जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, हमारी जड़ों, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। इस तरह के महोत्सव को संजोना, संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 30 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस महोत्सव के लिए संस्था के प्रयासों की सराहना की।राज्यपाल ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि किसी भी बड़े सांस्कृतिक आयोजन के लिए वित्तीय सुदृढ़ता अनिवार्य होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए सीएसआर, विभिन्न उद्यमियों तथा सरकारी संस्थानों से सहयोग की संभावनाओं का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी सहित अन्य प्रमुख संस्थान भी इस दिशा में सहयोगी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है ताकि वे अपनी विरासत और अपनी संस्कृति के साथ और गहराई से जुडें। राज्यपाल ने कहा कि वे अपने स्तर से भी विरासत महोत्सव के सुचारू और निरंतर आयोजन हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर संस्था के महासचिव आर के सिंह, हेमन्त अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

अल्मोड़ा। लमगड़ा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले मृतका के भतीजे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तहरीर के आधार पर थाना लमगड़ा में हत्या व लूटपाट का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमें और एसओजी मामले की तफ्तीश में जुटी है। सांगड़ साहू सिजवाली गांव में गत 14 नवंबर की रात 60 वर्षीय गंगा देवी की रहस्यमयी मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के पांच दिन बाद मृतका के भतीजे संजय सिंह सिजवाली द्वारा मंगलवार अपराह्न थाना लमगड़ा में तहरीर सौंपी गई। तहरीर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा वृद्धा की हत्या करने और लूटपाट करने के आरोप लगाएं है। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 103(1) व 309(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में जांच और तेज कर दी है। हालांकि, तहरीर मिलने से पहले भी पुलिस गंभीरता से मामले की तफ्तीश में जुटी थी। घटना से जल्द पर्दा उठ सके, थाना लमगड़ा के अलावा थाना दन्या व धौलछीना के एसओ समेत एसओजी की टीम जांच में लगाई गई है। फिलहाल पुलिस व एसओजी को घटना से जुड़ी कोई भी ऐसे सबूत नहीं मिले है जिससे घटना का अनावरण हो सके। साथ ही पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। गुरुवार तक पीएम रिपोर्ट आने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आने से फिलहाल मामला उलझा हुआ है। उधर, सीओ गोपाल दत्त जोशी भी घटना के बाद मौके पर बने हुए हैं। पुलिस घटना से जुड़ें साक्ष्य संकलन के प्रयासों में जुटी है। देवेंद्र पींचा, एसएसपी अल्मोड़ा ने बताया कि मृतका के भतीजे द्वारा मंगलवार को थाना लमगड़ा में तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर हत्या व लुटपाट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमेंमामले की हर एंगल से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जिसके बाद घटना की सही जानकारी मिल पाएगी और उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर

ई-मेल आई०डी० -nagarpanchayatshaktigarh@gmail.com टोलफ्री नं० :- 18005725154

पत्र सं० : 203/ई०नि०सू०/2025-26 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 17/11/2025

मा० मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 169/2021 जनपद ऊधम सिंह नगर के नगर पंचायत शक्तिगढ़ को कार्यालय भवन निर्माण हेतु 95.64 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त धनराशि के सापेक्ष नगर पंचायत शक्तिगढ़ कार्यालय भवन निर्माण कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा वैबसाईट https://uktenders.gov.in पर दिनांक 01/12/2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 15/12/2025 को अपरान्हः 05:00 बजे तक उपलब्ध होगी। निर्धारित तिथि व समय तक पोर्टल में अपलोड की गई निविदाओं को दिनांक 16/11/2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं / निविदादाताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। कार्यालय अवकाश होने पर अगली तिथि मानी जायेगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**निर्माण कार्य का विवरण**

| क्रम सं० | निर्माण कार्य का नाम/विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | नि० प्रपत्र मूल्य+ जी०एस०टी० 18% प्रतिशत अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत शक्तिगढ़ कार्यालय भवन निर्माण कार्य। | 9564000.00 | 286920.00 | 10000.00+ जी०एस०टी० 18% अतिरिक्त | 01 वर्ष |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते वैबसाईट https://uktenders.gov.in पर अथवा नगर पंचायत शक्तिगढ़ कार्यालय में देखी जा सकती है। उपरोक्त प्रस्तावित निर्माण कार्य के सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार / हितधारक को यदि कोई आपत्ति हो तो निविदा की अन्तिम तिथि से पूर्व दिनांक 15/12/2025 को अपरान्ह 05:00 तक अपनी आपत्ति मय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निविदा स्वीकृति उपरान्त प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शक्तिगढ़**
**ऊधम सिंह नगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शक्तिगढ़**
**ऊधम सिंह नगर**


# बच्चों को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया

हल्द्वानी। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य एकता कुमारी के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से दिव्य कार्य अभियान के अंतर्गत संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी राजपुरा में बच्चों को पठन पाठन सामग्री देकर बच्चों को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य मनीष साहू ने संयुक्त रूप से कहा की बच्चे आने वाली पीढ़ी के साथ भारत देश के भविष्य है। इसलिए हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम अपने देश के भविष्य बच्चों को सही शिक्षा और दीक्षा दिलाकर उनकी उन्नति के लिए कार्य करें



क्योंकि किसी भी बच्चे का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है। इसलिए उनकी वर्तमान की आदतें संस्कार बौद्धिक क्षमता और रहन सहन का तौर तरीका ही उनके भविष्य का निर्माण करेगा क्योंकि जब बच्चों को ज्ञान प्राप्त होगा तो उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा प्रखर रूप से बाहर निकालकर ज्ञान की गंगा बहेगी जिससे यही बच्चे आगे चलकर भारत के उज्जवल भविष्य बनकर हर क्षेत्र में भारत देश की उन्नति प्रगति के लिए हमेशा कार्य करेंगे। इस दौरान संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार एकता कुमारी मनीष साहू पूर्णिमा रजवार संध्या कुमारी जानकी देवी अमन कुमार सुशील राय सूरज कुम्हार मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# आशाओं भरे अरमान....

आज समीर फिर कुछ उदास लग रहा था सीमा ने पूछा क्या हुआ जी उसने कहा कि आज फिर काम नहीं मिला क्या। सीमा बोली कोई बात नहीं आप हाथ मुंह धो लीजिए मैं आपके लिए भोजन परोस देती हूं आखिर कब तक ऐसे चलेगा सीमा, ऐसे, समीर ने कहा,जो नन्ही जान तुम्हारे पेट में भी पल रही है उसके बारे में भी तो सोचना है सीमा समीर की आंखों में देखकर हाथ हिलाकर बोली आप कोशिश तो कर ही रहे हो कोई बात नहीं आज नहीं तो कल एक न एक दिन नौकरी आपको अवश्य मिल ही जायेगी। सीमा बोली शादी से पहले मैंने मां बहुत सी खाना बनाने की रेसिपी सीखी थी और फिर मैने तो ग्रहविज्ञान से ग्रेजुएशन किया है वह कब काम आयेगा सीमा हंसते हुए बोली समीर मैंने सोचा है कि हम घर से ही टीफिन सर्विस का काम शुरू करते हैं ऐसा अचानक कैसे हो सकता है सीमा कुछ देर सोचकर समीर ने अपने हाथ की अंगुलियां से अपने होंठ दांतों में दबाये फिर उसकी हां में हां मिलाई चलो ठीक है,सीमा टीफिन तैयार करती और समीर बाहर से आर्डर व सामान भी ले आता साथ ही टिफिन सप्लाई का काम करता सीमा के हाथ के बने भोजन की सभी ग्राहक तारीफ करते हाथों से पीसे मसाले साम्रगी का उचित तालमेल उसके बने खाने को और अधिक लजीज और खास बनाता था देखते ही देखते दिन बीतने लगे उनके काम में इजाफा और मुनाफा भी बढ़ने लगा अब दोनों को काम से फुर्सत न मिलती इस काम से उन दोनो की आंखों में आशाओं भरे अरमान थे उनकी जिंदगी अब धीरे-धीरे पटरी पर आने लगी थी मानो उनकी मेहनत सही सोच सही तालमेल व कर्मठता को जैसे पंख लग गए थे।अब दोनो अपने इस काम से संतुष्ट थे।

**नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

# ग्रीन वर्ल्ड स्कूल के पाँच छात्रों का नेशनल स्तर पर चयन

शक्तिफार्म। प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखंड 12वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के पाँच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उच्च प्राथमिक वर्ग की प्रतिभाशाली छात्रा कोमल कौर ने गोला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए सीधा प्रवेश दिलाया है। इसके साथ ही हेमवंती नंदन बहुगुणा स्टेडियम, अल्मोड़ा में 10 से 15 नवंबर तक आयोजित बास्केटबॉल के नेशनल ट्रायल में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। बालिका वर्ग में कोमल कौर और पीहू बाला, जबकि बालक वर्ग में गौरव मेवाड़ी तथा त्रिलोक सिंह चिलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल टीम में स्थान सुरक्षित किया। ये चारों खिलाड़ी आगामी 1 से 4 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सत्र 2025-26 में विद्यालय के पांच खिलाड़ियों का नेशनल स्तर पर चयन होने पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक नवीन जोशी, जिला खेल संयोजक राजेन्द्र सिंह भाकुनी, ब्लॉक खेल संयोजक निर्मल सरकार एवं ललित मेहरा, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने सभी चयनित खिलाड़ियों तथा खेल प्रशिक्षकों प्रकाश सिंह बोरा, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सम्बल और पुष्प फर्त्याल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि उचित मार्गदर्शन, कठोर मेहनत और अनुशासन के बल पर शक्तिफार्म क्षेत्र की नई पीढ़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर अपनी चमक बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार है।



# नशा मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

हल्द्वानी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में जनपद पुलिस के सभी पुलिस अधिकारी/कर्मियों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ग्रहण की। सभी ने युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगाठ' के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में डॉ0 मंजूनाथ टीसी एसएसपी के निर्देशन में पुलिस के सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय एवं थानों में नशा मुक्ति अभियान के तहत एकत्रित होकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया। सभी पुलिसकर्मियों ने अधिक से अधिक युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ने तथा देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए एकजुट होकर समाज, परिवार, मित्र सभी को नशे के प्रति जागरूक करने तथा जनपद नैनीताल को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।हल्द्वानी में आयोजित शपथ कार्यक्रम में व्हाटमोर शकुनाखर ईडॉ जगदीश चंद्र एसपी क्राइम/ ट्रैफिक नैनीताल,मनोज कुमार कत्याल पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी,सीओ नितिन कुमार, अमरचंद शर्मा प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, ज्ञानेंद्र शर्मा निरीक्षक अभिसूचना, विजय मेहता वाचक एसएसपी, ओराजकुमार बिष्ट निरीक्षक पुलिस दूरसंचार नैनीताल, पूरन राम आगरी प्रभारी सीसीटीएनएस, श्रीमती ललिता पांडे प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल समेत अन्य शाखा प्रभारी/पुलिस कर्मी मौजूद रहे।इसी क्रम में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय, पुलिस लाइंस एवं थाना परिसरों में नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ लेकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित स्कूलों में जाकर अध्यनरत छात्र-छात्राओं, स्थानीय नागरिकों को नशे के प्रति जागरूक किया गया तथा शपथ दिलाई गई।



# स्टोन क्रेशर में एक्सकैवेटर मशीन से बड़े पैमाने पर चल रहा अवैध खनन पकड़ा

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ढकिया नंबर एक में स्टोन क्रेशर परिसर के अंदर एक्सकैवेटर मशीन (पोकलैंड) से बगैर अनुमति बड़े पैमाने पर आरवीएम खनन कर सरकार के राजस्व को लाखों रूपयों की क्षति पहुंचाने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। अवैध खनन के कारण वाटर लेवल नीचे जाने से पर्यावरण को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए एक्सकैवेटर मशीन को कब्जे में लेकर उसे सीज कर दिया। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी स्थित गुरु नानक स्टोन क्रेशर में बगैर अनुमति एक्सकैवेटर मशीन से आरवीएम खनन किया जा रहा है। इसी सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टोन क्रेशर के अंदर एक्सकैवेटर मशीन से 100 फीट लंबा 50 फीट चौड़ा तथा 20 फीट गहरा गड्ढा बनाया गया था। मशीन द्वारा बकेट के जरिए आरबीएम निकाला जा रहा था। एक्सकैवेटर मशीन चलने वाले व्यक्ति को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सेमरा लाडपुर थाना सवार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश कुमार पुत्र ब्रिज किशोर बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह गुरु नानक स्टोन क्रेशर के दूसरे प्लांट पर काम करता है। उसने पुलिस को यह भी बताया कि अब तक एक्सकैवेटर मशीन से बगैर अनुमति लगभग 30 गाड़ियां आरबीएम निकाली जा चुकी है। **वर्दी पर कालिख पोत रहे हैं कारखास :** अवैध खनन, ओवरलोड, ओवर हाइट, वाहनों से अवैध उगाही, जहरीली कच्ची शराब एवं स्मैक जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को लेकर कुंडेश्वरी चौकी पुलिस एक बार फिर से सुर्खियों में आ चुकी है। अपुष्ट सूत्रों की माने तो चौकी में लम्बे समय से तैनात पुलिस कर्मी जिन्हें कारखास का तमगा दिया गया है ओवरलोड ओवर हाइट वाहनों से भीषण उगाही में लिप्त है। इसके अलावा हेकड़ किस्म के यह पुलिस कर्मी अवैध खनन को संरक्षण देने के साथ ही क्षेत्र के दर्जनों स्टोन क्रशरै से भी उगाही करते बताई जा रहे हैं। अपुष्ट सूत्रों का यह भी कहना है कि एक और जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले भर में नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर चौकी में तैनात सिपाही अधिकारियों की शह पर जरायम कारोबारियों एवं अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर प्रतिदिन हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा के हस्तक्षेप से शक्तिफार्म उप-मंडी में रुकी धान तुलाई फिर हुई शुरू

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म स्थित उप-मंडी में पिछले कई दिनों से क्षेत्र के किसानों का लगभग 12 से 14 सौ कुंतल धान लंबित पड़ा हुआ था। तुलाई न होने के कारण किसान लगातार मंडी के चक्कर काट रहे थे और अपनी उपज के खराब होने के साथ-साथ आर्थिक नुकसान की भी आशंका जता रहे थे। किसानों की बढ़ती समस्या बुधवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के संज्ञान में आई। सूचना मिलते ही मंत्री बहुगुणा उप-मंडी पहुंचे और किसानों से मिलकर उनकी परेशानियों को विस्तार से सुना। स्थिति को गंभीर देख उन्होंने तुरंत उच्च अधिकारियों से बातचीत कर उप-मंडी की लिमिट बढ़ाने तथा लंबित धान की तुलाई तत्काल शुरू कराने के निर्देश जारी किए। मंत्री के त्वरित हस्तक्षेप के बाद मंडी प्रशासन सक्रिय हुआ और धान की तुलाई का कार्य एक बार फिर तेज गति से शुरू कर दिया गया। इससे किसानों ने राहत की सांस ली और अपनी उपज के समय पर निपटान को लेकर संतोष जताया। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया जाता तो उनकी महीनों की मेहनत जोखिम में पड़ सकती थी। उन्होंने कैबिनेट मंत्री बहुगुणा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा किसानों और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देकर समाधान करते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा सच्चे अर्थों में विकास पुरुष हैं और क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ तत्काल हल कराने का प्रयास करते हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, उपकार सिंह बल, विश्वजीत हालदार, काली महलदार, सुन्दर डसीला, परेश मंडल सहित कई किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जनपद के कराटे खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण व दो रजत पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आगरा (उत्तर प्रदेश) में 15 से 16 नवम्बर 2025 को जापन कराटे- डू शीतो रियु इंटरनेशनल, इंडिया एवं कराटे काई इंटरनेशनल द्वारा इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप- 2025 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से उत्तराखंड, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, जम्मू- कश्मीर, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश एवं नेपाल सहित 300 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए कराटे प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह ने बताया कि 15 से 16 नवंबर 2025 को चाणक्य होटल ऑडिटोरियम, आगरा, उत्तर प्रदेश में इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप जे.के.एस.आई इंडिया के अध्यक्ष निर्मल गोस्वामी एवं महासचिव सिहान सुरजीत चारी के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण व दो रजत पदक सहित कुल 6 पदक जीतकर क्षेत्र, जिले, एवं राज्य का मान बढ़ाया है। जिसमे रूद्रपुर से 3 खिलाड़ी व नानकमत्ता के 2 खिलाड़ी शामिल है। प्रतियोगिता में आर्यन पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर की सृष्टि वशिष्ठ ने 12-13 बालिका आयुवर्ग की कुमिते एवं काता स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक, सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज रूद्रपुर की नंदनी सागर ने 14-15 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पधर्िा में स्वर्ण पदक, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रूद्रपुर के निखिल घई ने 14-15 बालक आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में रजत पदक एवं नानकमत्ता की गुरप्रीत कौर ने 12-13 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पधर्िा में स्वर्ण पदक व मडोना राणा ने अंडर 18 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में रजत पदक जीता। इस मौके पर ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी रूद्रपुर के निदेशक व कोच ऋषि पाल भारती, डीएसओ श्रीमती जानकी कार्की, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, सतनाम चावला, सुरभि रस्तोगी, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, कंचन बसेरा, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा सहित अनेकों लोगों से खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।






## पेज एक का शेष...

**स्पिरिचुअल इकोनमी..**को वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में उत्तराखंड विश्वभर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आध्यात्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए बेहतर आवास, सुरक्षित परिवहन, सुव्यवस्थित यात्रा प्रबंधन और तकनीक-आधारित सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए। शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को यात्रा मार्गों के मेंटेनेंस, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, सुरक्षा मानकों को उन्नत करने तथा आवागमन को सुचारु रखने के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य न केवल तीर्थ स्थलों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से जोड़ना है, बल्कि वहां की स्थानीय संस्कृति, लोककला और परंपराओं को प्रोत्साहन देते हुए पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था का विस्तार करना भी है।

**नहर कवरिंग में बाधक...**चिन्हित किया गया है, जिनमें से कई को मौके पर ही जेसीबी से ढहा दिया गया। विशेष बात यह रही कि अधिकांश दुकानदारों और मकान मालिकों ने स्वयं अपने निर्माण हटाना शुरू कर दिया, जिससे अभियान में तेजी आई और विवाद की कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। कार्यवाही के दौरान उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी बीएस धोनी, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू, एस एच ओ सुंदरम शर्मा, प्रदीप मिश्रा, क्षेत्रीय पटवारी शेखर आर्य सहित कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे। एसडीएम गौरव पांडे ने बताया कि नहर कवरिंग प्रोजेक्ट किच्छा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिन्हित किए गए सभी निर्माणों पर कार्रवाई जारी रहेगी और शेष अतिक्रमण भी जल्द हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान सख्ती से चलता रहेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा बनी रही। कई स्थानीय लोगों ने नहर कवरिंग परियोजना को शहर की सुगमता और सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक बताया, वहीं कुछ प्रभावित लोगों ने उचित विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की। बावजूद इसके, प्रशासन ने साफ कर दिया है कि विकास कार्यों के रास्ते में आने वाले अतिक्रमण किसी भी स्थिति में नहीं बचेंगे। कुल मिलाकर, किच्छा में नहर कवरिंग को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाने की नीति पर सख्ती से अमल शुरू कर दिया है, जिसका प्रभाव आने वाले दिनों में और भी व्यापक रूप से दिखाई देगा।

**गोदाम में मिला...**होती है वह दोनों दो पहिया वाहन पर सुरक्षित तरीके से सप्लाई पहुंचाते हैं। पुलिस टीम ने तत्काल इसकी सूचना औषधि निरीक्षक को दी। औषधि निरीक्षक के मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने जब गोदाम के ताले तोड़े तो अंदर दवाइयां का जखीरा देख टीम हैरान रह गई। कार्यवाही के दौरान गोदाम के अंदर से 5000 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन और 326 कफ सिरप बरामद हुए। पुलिस ने दीपक ठाकुर से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद एनडीपीएस की धारा 21, 22, 60 और 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। एनडीपीएस की धारा 21, 22, 60, 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर उसकी स्कूटी को सीज कर दिया। पिछले लगभग एक वर्ष के करीब से चीमा रेलवे क्रॉसिंग नशाखोरी का हब बन चुका है। चीमा चौराहे से रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाते हुए बाएं गली में खुले एक मेडिकल स्टोर से बड़े पैमाने पर नशीली दवाईयां तथा इंजेक्शनों का कारोबार किए जाने की सूचना मिल रही है। सूत्रों का कहना है कि सुबह 5:00 से रात्रि की 10:00 बजे तक दर्जनों की तादात में नशीली दवाइयां के कारोबार से जुड़े तथा नशाखोर रेलवे क्रॉसिंग के आसपास जमावड़े में देखे जा सकते हैं। चीमा चौराहे से प्रिया मॉल तक रेलवे लाइन के किनारे नशा कारोबारी ने महफूज अड्डा बना रखा है।

**हादसे में सिडकुल...**होकर वहीं गिर गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। घायल हरीश को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक के रूक जाने से कार में सवार फैमिली चार लोगों की जान बाल बाल बच गई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

**घर में फांसी पर ...**सूचना मिलने पर मृतका पूनम के पिता छवि नाथ, भाई मुनेंद्र और सूरज समेत अन्य लोग पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने राजपाल पर पत्नी पूनम की हत्या करने का आरोप लगाया। आरोप है कि राजपाल अक्सर पूनम को पीटता था। राजपाल ने ही पूनम से मारपीट कर पहले उसका गला दबाया और बाद में उसे आत्महत्या दिखाने के लिए फंदे से लटका दिया। एसएसआई नवीन बुधानी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस मामले में जांच भी कर रही है। फिलहाल मृतका के मायके वालों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

**बकाया वेतन मांगने ...**फिलहाल काम करने की स्थिति में नहीं है, जबकि तीन माह की तनख्वाह पहले ही रुकी हुई थी। इससे परिवार पर आर्थिक संकट और गहरा हो गया है।पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री में पिछले कुछ दिनों से उसकी पत्नी भी काम कर रही थी और दोनों लगातार वेतन भुगतान की मांग कर रहे थे। इसी बात से नाराज होकर ठेकेदार के लोगख्रसतपाल, विक्रम और मनोज ने उन पर हमला किया। शरद वीर के अनुसार यह पूरी घटना मजदूरी मांगने से रोकने की सोची-समझी दबंगई थी।मामले की शिकायत सिडकुल चौकी में दर्ज कराई गई है। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

**छात्रा की पिटाई...**स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी। विधायक अरोरा ने एसआई प्रियंका जोशी से मामले में तत्काल कार्रवाई करने को कहा और क्या कार्रवाई की गई इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सूखे नशे व कच्ची शराब के खिलाफ चलाया जनजागरूकता अभियान

## वार्ड 34 घास मंडी क्षेत्र में जुटे युवा मातृशक्ति और वरिष्ठजन

रूद्रपुर।सूखे नशे व कच्ची शराब के खिलाफ जनजागरूकता अभियान 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' के तहत वार्ड 34 घास मंडी क्षेत्र मंदिर प्रांगण में एक बड़ी बैठक का आयोजन पूर्व पार्षद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता तथा जगदीश तनेजा के संचालन में किया गया, जिसमें उपस्थित मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं वरिष्ठ नागरिकों नें एकजुट होकर सूखे नशे को वार्ड से बाहर खदेडनें का संकल्प लिया गया। बैठक को सबोंधित कर रहे 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' के संयोजक समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि आज के समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप ले चुका है, जो किसी एक व्यक्ति या परिवार तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती है। शराब, तंबाकू, ड्रग्स, स्मैक, चरस, अफीम, सिंथेटिक ड्रग्स और नशे के नए-नए रूप बेहद तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर देता है, उसकी व्यक्तिगत, मानसिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को खत्म कर देता है। धीरे-धीरे व्यक्ति का आत्मविश्वास टूटता है, काम-धंधे में रुचि कम होती जाती है और परिवार के साथ रिश्तों में तनाव बढ़ने लगता है। समाज में चोरी, हिंसा, घरेलू कलह, सड़क हादसे, अपराध और मानसिक बीमारियों का एक बड़ा कारण नशा ही है। यह लत सिर्फ शरीर को कमजोर नहीं करती, बल्कि चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य को भी खा जाती है। जब किसी परिवार का सदस्य नशे की चपेट में आता है, तो पूरा घर आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से टूटने लगता है। माता-पिता, पत्नी, बच्चे और रिश्तेदार सभी परेशानियों के दुष्चक्र में फँस जाते हैं। इसलिए नशे की समस्या किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक चुनौती है। समाजसेवी जगदीश तनेजा ने कहा



नशे को रोकना केवल कानून या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक, परिवार, शिक्षक, समाज और संस्था की साझा जिम्मेदारी है। सबसे पहले परिवार में बच्चों को सही मार्गदर्शन, प्यार और अनुशासन का वातावरण देना जरूरी है, ताकि वे गलत संगत या गलत आदतों में न पड़ें। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, नशा विरोधी अभियान, जीवन कौशल शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से युवाओं को सही दिशा दी जा सकती है। सरकार द्वारा चल रही नशा मुक्ति योजनाएँ, हेल्पलाइन, पुनर्वास केंद्र और नशा छुड़ाने वाली सेवाओं का सही उपयोग किया जाना चाहिए। नशे की लत लग चुके व्यक्ति को डांटने या तिरस्कार करने की बजाय, उसे समझने, सहानुभूति देने और सही इलाज दिलाने की जरूरत होती है। समाज में खेल, योग, ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और रोजगार के अवसर बढ़ाकर युवाओं को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। पार्षद जीतेश शर्मा ने कहा कि नशा बेचने वाले गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई और कड़े कानून भी महत्वपूर्ण हैं, ताकि नशे का अवैध व्यापार जड़ से खत्म हो सके। यदि समाज, परिवार और युवा मिलकर नशा मुक्त वातावरण का संकल्प लें, तो आने वाला भविष्य अधिक उज्ज्वल, स्वस्थ और सुरक्षित बन सकता है। इस दौरान पार्षद जीतेश शर्मा, समाजसेवी प्रकाश शर्मा, पूर्व पार्षद श्रीमति आशा किरन शर्मा, कांग्रेस अध्यक्षा ममता रानी, विकास कुकरेजा, कमल चुघ, दीपक चराया, हैप्पी रंधावा, नेहा सामंत, विकास बठला, राम यादव, होशियार सिंह, हिम्मत सिंह, मोनिका ढाली, मोहन सिंह पाण्डेय, मोहन सिंह, बहादुर सिंह, खुशाल सिंह, जवाहर राम, प्रकाश सोलंकी, आनन्द सिंह मेहता, रेखा गुंसाई, सुनील कुमार, सुषमा शर्मा, गीता देवी, मनीषा देवी, धन सिंह थापा, नरेश सागर, ध्रुव, अमित, दुर्गा देवी, धन सिंह थापा, दीन दयाल गुप्ता, नितिन शर्मा, प्रताप सिंह, अर्चना चौधरी, सीमा चौधरी, शानत देवी बिष्ट, श्वेता शर्मा, नीलम देवी, अन्नू देवी, चन्द्रा देवी, मनीष नारंग, हिमांशु आर्य शान्ति विश्वास समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# केवाईसी सत्यापन से वंचित एनआरआई का कटेगा राशन

## बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे स्थानीय राशनकार्ड धारक

**- हनीफ बाबा-**

सितारगंज। सरकारी दरों पर राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की ई केवाईसी प्रक्रिया विदेशों और देश के



दूसरे राज्यों में काम करने वाले नौकरीपेशा, मजदूरों को सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली से बाहर कर सकती है। ऐसा इसलिए की ई केवाईसी के लिए विभाग ने 30 नवंबर तक अंतिम तिथि निर्धारित की हैं। जबकि अभी तक 234800 यूनिट में से 77108 यूनिट का ही सत्यापन हो सका हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग ने अक्टूबर माह से राशन कार्डधारकों की ई केवाईसी अनिवार्य की हैं। इस वजह से सस्ता गले की दुकानों में ई केवाईसी के लिए राशन उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। सस्ता गल्ले की दुकानें नियमित और समय पर नहीं खुलने से राशन कार्ड में अंकित उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सस्ता गल्ले की एक ही दुकान में अन्य वार्डो की दुकानों को अटैच करने से भीड़ तीन गुना बढ़ रही हैं। लेकिन इस तरह की दुकानों पर ई केवाईसी के लिए केवल एक ही ऑपरेटर को बिठा रखा है जो तकनीकी दिक्कत का बहाना कर उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं। इसके अलावा ई केवाईसी के लिए विदेशों और देश के अन्य राज्यों में प्रवास करने वाले राशन उपभोक्ताओं के आगे भी बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। इस तरह के राशन उपभोक्ताओं की ई केवाईसी न होने के कारण उनके हक का राशन विभाग निर्धारित अंतिम तिथि के बाद समाप्त कर सकता है। इस तरह के काफी संख्या में राशन उपभोक्ता नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के मूलनिवासी बताएं जा रहे हैं। सभासद रिहान अंसारी ने कहा कि ई केवाईसी के लिए सस्ता गल्ले की दुकान में उपभोक्ताओं को संख्या अधिक होने से काफी परेशानी हो रही हैं। एक दुकान में दो वार्डो को अटैच करने से संख्या तीन गुना बढ़ी हैं। ई केवाईसी का समय पूर्ण होने पर विदेशों और दूसरे राज्यों में रोजी रोटी के लिए गए उपभोक्ताओं के आगे बढ़ी समस्या खड़ी हो सकती हैं।

### पांच वर्ष तक के बच्चे केवाईसी से हैं बाहर

सितारगंज। राशन उपभोक्ताओं की ई केवाईसी प्रक्रिया से 5 वर्ष तक के बच्चों को राहत प्रदान की गई है। इससे अधिक उम्र के बच्चों की केवाईसी जरूरी है। क्षेत्र में 53500 राशन कार्डधारक है। जिसमें 234800 यूनिट हैं। अभी तक 77108 यूनिट का सत्यापन हो चुका है। शेष यूनिट की केवाईसी जारी है।

# सिडकुल रोड में बिखेरी जा रही फैक्ट्री की जहरीली राख

सितारगंज। सिडकुल रोड में फैक्ट्री की कैमिकल युक्त जहरीली राख राहगीरों, आसपास की बस्तियों में रहने वाले लोगों की सेहत के लिए दुश्मन बन सकती हैं। जहरीली राख वाहनों के चक्कों से उड़कर बाइक सवारों की आंखों में नुकसान पहुंचा सकती हैं। इससे यातायात के नियमों की भी अवहेलना हो रही हैं। सिडकल रोड में इस वक्त फैक्ट्री से कैमिकल युक्त राख का परिवहन किया जा रहा हैं। राख को वाहन चालक सड़क में बिना ढके परिवहन कर रहे है। इससे राख सड़क में बिखर रही हैं। बताया जाता है कि कैमिकल युक्त राख से पटान का कार्य कर भूमि की उर्वरा शक्ति भी क्षीण हो रही हैं।











# युवक को मारपीट कर किया घायल

काशीपुर। बिजली का तार हटाने को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। कुंडा पुलिस को दी तहरीर में ग्राम भरतपुर निवासी दर्शन सिंह पुत्र दरबारी सिंह ने बताया कि बीते 16 नवंबर की सांय करीब 5-30 बजे बिजली का तार हटा देने पर सतपाल सिंह पुत्र गोविन्द सिंह से तार लगाने के लिए कहने पर उसने व उसके पुत्र मनोज विजय व निर्देश व इनके रिश्तेदार अरविंद ने शराब के नशे में गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। मारपीट की इस घटना में उक्त लोगों ने सिर पर जानलेवा कर उसे जान से मारने की कोशिश की, इस दौरान जब उसके पुत्रें ने उसे बचाने की कोशिश की तो उक्त लोगों ने उन्हें भी बेरहमी से मारा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# धान कांटे में एसएमओ पर किया हमला

## धान तौल में बाधा डालने के साथ दो युवकों पर मारपीट का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। कृषि उत्पादन मंडी समिति में विपणन विभाग के सरकारी कांटे पर आए दो युवकों ने सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर एसएमओ पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपितों ने धान तौल में बाधा उत्पन्न की। हमले में अधिकारी के गंभीर चोटे लगी हैं। घटना के बाद सरकारी धन की तौल बंद हो गई। जिससे किसान भी परेशान हुए हैं। वरिष्ठ विपणन अधिकारी विनय चौधरी मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे सरकारी धान कांटे पर तौल कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान दो व्यक्तियों ने मौके पर पहुंचकर तौल प्रक्रिया में बाधा डालनी शुरू कर दी। जिससे मौके पर विवाद बढ़ गया। एसएमआई विनय चौधरी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों ने पहले विवाद और गाली-गलौज की। उसके बाद साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया गया। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं। तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनके शरीर में चोटों की



पुष्टि की। उनका उपचार जारी है। अचानक हुए हमले से मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। एसएमआई ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में भी उनके साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं मामले की जानकारी एसडीएम को उपलब्ध करा दी गई है। इधर घटना की सूचना पर चेयरमैन सुखदेव सिंह, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ सिंघल नानकमत्ता राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गोयल ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल-चाल जाना।